प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र

2020

विषय : इतिहास

कक्षा–12

समय : 03 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देशः– प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित हैं।

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) इस प्रश्नपत्र में पाँच खण्ड हैं। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। खण्ड 'ख' में 05 अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ग' में 06 लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'घ' में तीन विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ङ' में ऐतिहासिक तिथियों व मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं।

iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित हैं।

खण्ड– 'क'

बहु–विकल्पीय प्रश्न

1. 1924 ई0 में विश्व के समक्ष सिन्धु घाटी में एक नवीन सभ्यता की खोज की घोषणा किसने की थी? 01

(क) जॉन मार्शल (ख) आई0ई0एम0 व्हीलर

(ग) कनिंघम (घ) वी0एम0 स्मिथ

2. "प्रयाग प्रशस्ति' की रचना की थी? 01

(क) बाण भट्ट (ख) हरिषेण

(ग) वेद व्यास (घ) आर्य भट्ट

3. दक्षिण भारत के अनेक पुरास्थलों से बड़ी संख्या में मिले रोमन सिक्कों से स्पष्ट होता है– 01

(क) व्यापारिक सम्बन्ध (ख) सांस्कृतिक सम्बन्ध

(ग) राजनीतिक सम्बन्ध (घ) उपर्युक्त तीनों।

4. 'किताब–उल–हिन्द" का लेखक कौन है? 01

(क) अल–बिरूनी (ख) अब्दुल रज्जाक

(ग) इब्नबतूता (घ) सुलेमान

5. विजय नगर और बहमनी राज्यों के मध्य संघर्ष का क्या कारण था? 01

(क) कावेरी और तुंगभद्रा का दोआब

(ख) कृष्णा तथा कावेरी का दोआब

(ग) कृष्णा और भीमा का दोआब

(घ) कृष्णा तथा तुंगभद्रा का दोआब

6. मुगलकाल में गाँव के मुखिया को क्या कहा जाता था? 01

(क) सिपाहसालार (ख) चौधरी

(ग) मुकद्दम (घ) पटवारी

7. बंगाल में इस्तमरारी बन्दोबस्त (स्थाई बन्दोबस्त) का प्रारम्भ किसने किया? 01

(क) कार्नवालिस (ख) लार्ड बेलेजली

(ग) लार्ड डलहौजी (घ) वारेन हेस्टिंग्स

8. 1798 ई0 में सहायक सन्धि को किसने तैयार किया था? 01

(क) लार्ड डलहौजी (ख) लार्ड कैनिंग

(ग) हेनरी हार्डिंग (घ) लार्ड वेलेजली

9. चौरी–चौरा की घटना का प्रभाव था– 01

(क) भारत छोड़ो आन्दोलन का स्थगित होना

(ख) सविनय अवज्ञा आन्दोलन स्थगित होना

(ग) असहयोग आन्दोलन स्थगित होना

(घ) होमरूल आन्दोलन का स्थगित होना।

10. "गाँधी इरविन समझौते" का तात्कालिक प्रभाव था? 01

(क) सविनय अवज्ञा आन्दोलन वापस लेना

(ख) सभी कैदियों की रिहाई

(ग) तटीय इलाकों में नमक उत्पादन की अनुमति

(घ) उपर्युक्त सभी

खण्ड–'ख'

अति लघु–उत्तरीय प्रश्न

11. बुद्ध के जीवन में निम्नलिखित स्थानों का क्या महत्व है? ½+½+½+½

(क) लुम्बिनी (ख) बोध गया

(ग) सारनाथ (घ) कुशीनगर

12. मगध के विस्तार में लोहे की क्या भूमिका थी? 1+1

13. 'मनसबदारी' से क्या तात्पर्य है? इस प्रथा को किसने प्रारम्भ किया? 1+1

14. हिरिया नहर का विजय नगर साम्राज्य में क्या महत्व था? 1+1

15. लार्ड डलहौजी ने अवध का विलय किस आधार पर किया? 02

खण्ड–'ग'

लघु–उत्तरीय प्रश्न

16. अभिलेख किसे कहते हैं? क्या अभिलेख भारतीय इतिहास के पुनर्निर्माण में सहायक है? 05

17. जैन धर्म की शिक्षाओं को संक्षेप में लिखिये? 05

18. भक्ति आन्दोलन के विकास के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिये? 05

19. विजय नगर की जल–आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जाता था? 05

20. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय विभाजन के परिणाम स्वरूप भारत के समक्ष क्या समस्यायें थीं?किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए? 2½+2½

21. 1857 ई0 के विद्रोह का भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन पर क्या प्रभाव पड़ा? 05

खण्ड–'घ'

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न

22. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में महात्मा गाँधी द्वारा चलाये गये किन्हीं दो आन्दोलनों के कारणों एवं परिणामों की विवेचना कीजिये। 10

अथवा

'साम्प्रदायिकता' से क्या अभिप्राय है? 1930–40 के दशकों में साम्प्रदायिकता के विकास के कारणों का विवेचन कीजिए?

23. हड़प्पा सभ्यता की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये? 10

अथवा

स्तूप से आप क्या समझते हैं? स्तूप की संरचना पर एक टिप्पणी लिखिये?

24. क्या आपको लगता है कि **"समकालीन शहरी केन्द्रों में जीवन–शैली की सही जानकारी प्राप्त करने हेतु इब्नबतूता वृतान्त सहायक है।"** विवेचन कीजिए। 10

अथवा

मुगल शासनकाल में **शाही परिवार की स्त्रियों की भूमिका का मूल्याँकन कीजिये?** 10

खण्ड–'ड़'

25. ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए?

1. 321 ईसा पूर्व – 1 अंक
2. 78 ई0 – 1 अंक
3. 320 ई0 – 1 अंक
4. 1260 ई0 – 1 अंक
5. 1347 ई0 – 1 अंक
6. 1510 ई0 – 1 अंक
7. 1765 ई0 – 1 अंक
8. 1773 ई0 – 1 अंक

9. 1793 ई0 – 1 अंक

10. 1853 ई0 – 1 अंक

26. <u>मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न</u>–

दिये गये भारत के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों का अंकन (•) चिन्ह द्वारा दर्शाइये तथाउनके नाम भी लिखिये। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिये 141 अंक निर्धारित हैं।

(1) हड़प्पा संस्कृति का वह स्थान जहाँ से मिट्टी से बने हल का प्रतिरूप मिला है। 1+1

(2) वह स्थान जहाँ से जुते हुये खेत का साक्ष्य मिला है? 1+1

(3) वह स्थान जिसे अकबर ने 1570 में नयी राजधानी बनाया? 1+1

(4) वह स्थान जहाँ 10 मई, 1857 को सिपाहियों ने विद्रोह किया? 1+1

(5) वह स्थान जहाँ से गाँधी जी ने नमक सत्याग्रह शुरू किया? 1+1

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये प्रश्न संख्या–26 के मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)

(1) हड़प्पा संस्कृति में किस स्थान से मिट्टी से बने हल का प्रतिरूप मिला है? 02

(2) जुते हुये खेत का साक्ष्य कहाँ से मिला है? 02

(3) 1570ई0 में अकबर ने नयी राजधानी कहाँ बनाया? 02

(4) 10 मई,1857 ई0 को सिपाहियों ने कहाँ विद्रोह किया? 02

(5) गाँधी जी ने नमक सत्याग्रह कहाँ से प्रारम्भ किया? 02

*****